an>

Title: Need to make embankments on River Ghagra.

श्री भरत सिंह (बलिया) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण सवाल उठाना चाहता हूं। महात्मा गांधी के बाद इस देश की आज़ादी में की-रोल अदा करने वाले लोकनायक जय प्रकाश नारायण हैं। उसी लोकनायक जय प्रकाश नारायण की जन्मभूमि का गांव घाघरा नदी की कटान से कटता जा रहा है। वहां हज़ारों घर घाघरा नदी की कटान से कट गए। पर, अभी तक वहां कटानरोधी काम चालू नहीं हुआ है। लोकनायक जय प्रकाश नारायण के नाम पर बने जे. पी. ट्रस्ट, जिसे पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय चन्द्रशेखर जी ने हज़ारों करोड़ रुपये की लागत से बनाया था, उस ट्रस्ट तक जाने वाला मार्ग खतरे में है। इसमें उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार ध्यान नहीं दे रही है। उसके लिए सतूह करोड़ रुपये पिछले साल से पास है। इस साल भी भारत सरकार के पास नाबार्ड की ओर से प्रस्ताव आया है कि नाबार्ड उसे फाइनेंस करेगा। नाबार्ड से स्वीकृत करके, फाइनेंस कराके वह काम अगर तत्काल चालू नहीं किया गया, अगर अभी काम चालू नहीं हुआ तो इस साल वह गांव नहीं बचेगा, उसकी सड़क नहीं बचेगी। श्री सीग्रीवाल जी, श्री राजीव प्रताप रूडी जी, बक्सर के सांसद और वहां के तमाम सांसद, यह आधा दर्जन सांसदों का ज्वाइंट है, सबका इसके लिए सेंटीमेंट है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि वहां पर काम को प्राथमिकता पर लिया जाए।

दूसरी चीज, जो कटान से पीड़ित लोग हैं ...(व्यवधान) मैं एक मिनट में कंक्लूड करूंगा। कटान से पीड़ित जो लोग सड़क पर पड़े हुए हैं, विस्थापित हैं, उनके लिए लाइट की व्यवस्था हो, पेयजल की व्यवस्था हो। ...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: All right, enough. Please wind up.

...(*Interruptions*)

श्री भरत सिंह : महोदय, मैं अपनी बात समाप्त ही कर रहा हूं। यह घाघरा की बात है। गंगा की कटान से दर्जनों गांव, शेरपुर, सिमरा, जगदीशपुर, बुजौला, गड़ेरिया, नर्मदा, श्रीनगर, यहां गंगा कटान से पीड़ित गांव के विस्थापितों को बसाने का सवाल है। घाघरा कटान के तीलापुर, दंता ...(व्यवधान) पीड़ितों को बसाना है। यह जरूरी सवाल है। ...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: You are not coming to the point.

...(*Interruptions*)

श्री भरत सिंह : मैं एक ही लाइन में अपनी बात समाप्त करूंगा। ...(व्यवधान) आपके माध्यम से मैं वर्तमान सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि आप हस्तक्षेप करें। हमारी तेज-तर्रार जल संसाधन मंत्री सुश्री उमा भारती जी हैं। ...(व्यवधान) इस काम को इंट्रेस्ट लेकर तत्काल कराया जाए। ...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Ashwani Kumar Chaubey is permitted to associate with the issue raised by Shri Bharat Singh.